हिंद एकता टाइम्स

## एक करोड़ 85 लाख की नकली दवाइयां ं जप्त, मरीजो को दी जारही थी नकली दवाइयां

भिवंडी -भिवंडी शहर में नकली दवाइयों का गोरख धंधा जोरो पर फल फूल रहा है। इनपर लगाम लगानें के लिये सरकारी एजेंसियां पकड़ने में नाकाम सिध्द हो रही हैं। इस लापरवाही के कारण भिवंडी नारपोली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मरीजों को नकली दवा बेचने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।अन्न एवं औषधि विभाग के व्दारा की गई कार्यवाई के दौरान एक लाख ८५ हजार कीमत की नकली एंटीबायोटेक दवा के जखीरे का भंडा फोड़ किया है। जिसकी शिकायत नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गयी है।अन्न एवं औषधि विभाग व्दारा की गई इस कार्यवाई के दौरान पकड़े गये एक करोड़ ८५ लाख रूपये कीमत की नकली दवांइयों की प्रथमिक जांच में अंतरराज्यीय गिरोह के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। औषधि प्रशासन इसी दिशा में जांच कर रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि पिछले कुछ माह में नकली दवाईयों का मामला तेजी से जोर पकड़ता जा रहा है। जिसमें अब तक आठ मामला प्रकाश में आया है। यह खबर और भी हैरान कर देती हैं इन दवाइयों को सर कारी अस्पतालों में भी पहुचाई गयी हैं। औषधि प्रशासन को जब यह खबर मिली कि भिवंडी के एक गोडाउन में नकली दवाइयों का जखीरा संचय कर के रखा हुआ है। तुरंत औषधि प्रशासन विभाग व्दारा उस गोदाम में छापा मरकर सभी दवाईयों के बिक्री पर रोक लगाकर उन के नमूने को प्रयोगशाला मे भेजा था। जांच के दौरान दवांइयों नकली पाई गयी। औषधि प्रशासन विभाग ने दवाइयों को जप्त कर गोदाम को शील कर दिया है। नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करा दिया गया है।

Source: https://www.hindektatimes.com/127715/#google_vignette